# विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तरालेख्य।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 8-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के ब्लाक-सकरन मुख्यालय पर कोई बारातघर न होने से लोगों को सामाजिक कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत अतिपिछड़े अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए चिन्हित ग्रामों, जिनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 25 प्रतिशत से अधिक हो, उन ग्रामों में निर्धारित मानक के अनुसार प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरान्त सामुदायिक केन्द्रों की स्थापना की जाती है। सामाजिक कार्य विवाह आदि सम्पन्न होने के साथ-साथ इन केन्द्रों का उपयोग रोजगार प्रशिक्षण, कृषि उपज का वितरण तथा बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के अवसर पर किया जाता है। सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण हेतु 02 मॉडल (जिसमें 500 वर्ग मी0 एवं 1050 वर्ग मी0 भूमि आवश्यक है) निर्धारित है। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु बारातघर का निर्माण करायेंगे ? | सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण हेतु निर्धारित मानक अनुसार प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाती है। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नही, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

Signed by Asim Arun
Date: 19-07-2024 16:48:07
(असीम अरूण)
मा0 राज्यमंत्री (स्व0प्र0)।